खसरा

खसरा एक गंभीर बीमारी है

खसरा एक गंभीर बीमारी है जिससे दाने होते हैं और बुखार आता है।

खसरा बहुत संक्रामक है। यह तब फैलता है जब खसरे से ग्रस्त व्यक्ति सांस छोड़ता, खांसता या छींकता है।

वह व्यक्ति जिसका टीकाकरण नहीं हुआ है, उसे खसरा होने की अधिक संभावना होती है।

खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए खसरा खतरनाक हो सकता है। इससे मस्तिष्क की सूजन और फेफड़ों का संक्रमण हो सकता है। दुर्लभ मामलों में, यह जानलेवा हो सकता है।

टीकाकरण आपके परिवार की सुरक्षा का सबसे अच्छा तरीका है

छवियां: cdc.gov

खसरे से बचाने में MMR का टीका सुरक्षित और बहुत प्रभावी है। यह कनफेड़ और रूबेला से भी रक्षा करता है।

डॉक्टरों की सलाह है कि सभी बच्चों को MMR के टीके लगाए जाएं।

MMR का टीका लगवाना खसरा होने की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।

अधिकांश बच्चों को टीके से कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। होने वाले दुष्प्रभाव आमतौर पर हल्के होते हैं और लंबे समय तक नहीं रहते, जैसे कि बुखार, हल्के दाने और दर्द।

MMR के टीके से ऑटिज्म नहीं होता

किसी भी अध्ययन में ऑटिज्म और MMR वैक्सीन के बीच संबंध नहीं मिला है। दुनियाभर के कई डॉक्टरों और वैज्ञानिकों द्वारा इसका सावधानीपूर्वक अध्ययन किया गया है।

वैज्ञानिक इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि किस चीज से किसी बच्चे को ऑटिज्म होने की अधिक संभावना होती है। अधिकांश वैज्ञानिक इस बात से सहमत हैं कि ऑटिज्म शायद बच्चे के जन्म से पहले और बाद में पारिवारिक वंशावली और घटनाओं के संयोजन से होता है। इसमें बच्चे के जन्म के समय माता-पिता की उम्र, गर्भावस्था के दौरान मां की बीमारी या जन्म के समय कठिनाई शामिल हो सकती है। वे ऑटिज्म और व्यक्ति कहां रहता है के बीच संबंध का अध्ययन भी कर रहे हैं।

अगर खसरा या MMR वैक्सीन के बारे में प्रश्न हैं तो अपने डॉक्टर से पूछें।

SACRAMENTO COUNTY

Sacramento County
Department of Health Services
Public Health Division

खसरे के लक्षण और यह कैसे फैलता है

खसरे के लक्षण और यह कैसे फैलता है

खसरा अक्सर तेज बुखार, खांसी, बहती नाक और लाल, पनीली आँखों से शुरू होता है। 3 से 5 दिनों के बाद दाने होते हैं जो आमतौर पर चेहरे से शुरू होते हैं और शरीर के अन्य भागों में फैल जाते हैं।

आपमें लक्षण आने के बाद आपसे दूसरों तक खसरा फैल सकता है। जब तक दाने खत्म नहीं होते आप संक्रामक रहते हैं।

आप उस कमरे में जाकर भी खसरे से ग्रस्त हो सकते हैं जहां खसरे से पीड़ित व्यक्ति रहा था। पीड़ित व्यक्ति के कमरे से निकलने के दो घंटे बाद तक खसरे का विषाणु हवा में रह सकता है।

अगर आप लक्षण देखते हैं तो तुरंत डॉक्टर को या क्लिनिक पर कॉल करें

आपका डॉक्टर या क्लिनिक आपको बताएंगे कि आपको क्लिनिक आने की जरूरत है या नहीं।

खसरा बहुत संक्रामक होता है और आप प्रतीक्षा कक्ष में किसी और को इससे ग्रस्त नहीं करना चाहेंगे। आपके जाने से **पहले** डॉक्टर या क्लिनिक को यह बताना महत्वपूर्ण है कि आपको खसरे के लक्षण हैं। वे आपको निर्देश देंगे कि आप क्या करें ताकि आपसे खसरा न फैले।

यदि आपको खसरा है तो घर पर रहें

यह महत्वपुर्ण है कि खसरा दूसरों तक न फैले।

यदि आपको खसरा है तो घर पर रहें। स्कूल, काम पर, दुकान में या अन्य लोगों के घरों में न जाएं।

यदि आपको या आपके बच्चे को बुखार या दाने हैं तो किसी को अपने घर पर न बुलाएं।

SACRAMENTO COUNTY

Sacramento County
Department of Health Services
Public Health Division